

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 2 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 2 दिसंबर का इतिहास

- **1804 :** नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई।
- **1971 :** संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
- **1911 :** जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा, रानी बने। उनके मुंबई आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया।
- **1999 :** भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंजूरी मिली।

## 2 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एयरो इंडिया 2023 का आयोजन 13 से 17 फरवरी तक बेंगलुरू में किया जाएगा। एयरो इंडिया भारत का सबसे बड़ा एयरशो है। यह आभासी प्रदर्शनियों की सुविधा भी प्रदान करेगा। एयरो इंडिया 2023 में भारतीय और विदेशी दोनों प्रदर्शक आएंगे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह पांच दिनों के लिए निर्धारित है। पिछले संस्करण में 35 से अधिक देशों की 500 से अधिक कंपनियों ने एयरशो में भाग लिया था।
- अमेरिकी संचार आयोग ने चीन की हुवावे और जेडटीई कंपनी द्वारा बनाए गए संचार उपकरणों की बिक्री और आयात पर पांबदी लगाई है। एफसीसी ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए कुछ चीन निर्मित वीडियो प्रणालियों के इस्तेमाल पर अस्वीकार्य जोखिम करार देते हुए प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका में पांच सदस्यीय संघीय संचार आयोग ने नए नियमों पर सर्वसम्मति से मतदान किया। इसके तहत अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए सुरक्षा खतरा पैदा करने वाले कुछ तकनीकी उत्पादों के आयात और बिक्री को रोक दिया जाएगा।
- भारतीय नौसेना की ताकत में और ज्यादा इजाफा हुआ है। चेन्नई के कट्टुपल्ली में दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लाइंग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पीहोली की उपस्थिति में सर्वे वेसल्स इक्षक को लॉन्च किया गया। भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे चार बड़े सर्वेक्षण पोत के प्रोजेक्ट के तीसरे पोत इक्षक की लॉन्चिंग मील का एक पत्थर साबित होगी। सर्वे वेसल्स इक्षक के नौसेना में शामिल होने के बाद समुद्री सुरक्षा की निगरानी में काफी मदद मिलेगी। साथ ही नौसेना की ताकत बढ़ाने वाला यह जहाज रक्षा तैयारियों को और मजबूती प्रदान करेगा।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मंडप ने 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में यह पुरस्कार जीता। व्यापार मेले में स्वास्थ्य मंडप सबसे लोकप्रिय मंडपों में से एक था। इसने 37 हजार 889 स्क्रीनिंग, जांच, परामर्श और प्रशिक्षण आयोजित किए। लगभग 5530 आंगतुकों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण काउंटर का दौरा किया, 1110 आगंतुको को उनके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता कार्ड मिले।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम को झटका देते हुए पेमेंट एग्रीगेटर के लिए फिर से आवेदन करने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने पेटीएम को पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए 120 दिनों का समय दिया है। डिजिटल पेमेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन ने दिसंबर 2020 में पेमेंट एग्रीगेटर सर्विस के लिए आरबीआई के सामने प्रस्ताव रखा था, लेकिन रिजर्व बैंक ने इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है।
- सरकार ने विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का कार्यकाल 30 अप्रैल 2024 तक बढ़ा दिया है। उन्होने एक मई 2022 का कार्यभार संभाला था। वह 31 दिसंबर 2022 का सेवानिवृत होने वाले थे। श्री श्रृंगला अब 2023 में भारत में होने वाले आगामी G-20 शिखर सम्मेलन के मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे है।
- छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय को सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन एशिया-पैसिफिक अवॉर्ड्स फॉर कल्चरल हेरिटेज कंजर्वेशन-2022 में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय को पहले 2010 में सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कार में सम्मानजनक उल्लेख मिला था।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 में संशोधन का प्रस्ताव दिया था। इस विधेयक को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। इसमें जीवन के लगभग हर क्षेत्र जैसे कि शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, मतदाता सूची में नाम, केंद्र और राज्य सरकार की नौकरियों में नियुक्ति, ड्राइविंग लाइसेंस तथा पासपोर्ट जारी करने इत्यादि के लिये जन्म प्रमाण पत्र को अनिवार्य दस्तावेज बनाने का प्रस्ताव किया गया है।
- भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश, वंशज और देविका घोरपड़े ने ला नुसिया, स्पेन में आईबीए युवा पुरूष और महिला विश्व चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीते। चेन्नई के विश्वनाथ सुरेश ने पुरूषों के 48 किग्रा फाइनल में फिलीपींस के रोनाल सुयोम को हराकर अपना स्वर्ण पदक जीता।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 दिसंबर (B) 2 दिसंबर
(C) 3 दिसंबर (D) 4 दिसंबर

**(B)** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन को विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि दुनिया भर में कम सेवा वाले समुदायों में जागरूकता पैदा की जा सके और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जा सके। इसका उद्देश्य उन्हें ओर अधिक सीखने और कंप्यूटर के उपयोग से अपने काम को आसान बनाने के लिए प्रेरित करना है।




**2. राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 31 नवंबर (B) 1 दिसंबर
(C) 2 दिसंबर (D) 7 दिसंबर

**(C)** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। 1984 में भौपाल गैस त्रासदी में मारे गए लोगों के जीवन को मनाने के लिए इस दिन को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना और उन्हें प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों और औद्योगिक आपदाओं के बारे में जागरूक करना है।




**3. हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निक्षय मित्रा एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) डॉ. दीपा मलिक (B) नीरज चौपड़ा
(C) पी.वी. सिंधु (D) पीटी उषा


**(A)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत की पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष डॉ दीपा मलिक को निक्षय मित्रा एंबेसडर नियुक्त किया। उन्होंने प्रगति मैदान नई दिल्ली में 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में स्वास्थ्य मंत्रालय की टीबी जागरूकता गतिविधियों में भी भाग लिया। निक्षय मित्र प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक पहल है।



**4. अंतर्राष्ट्रीय दास प्रथा उन्मूलन दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 31 नवंबर (B) 1 दिसंबर
(C) 2 दिसंबर (D) 7 दिसंबर


**(C)** प्रतिवर्ष 2 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दास प्रथा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण विश्व से दास प्रथा को समाप्त करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2 दिसंबर 1949 को एक संकल्प पारित हुआ, जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय दास प्रथा उन्मूलन दिवस को अडॉप्ट किया गया।




**5. हाल ही में किस राज्य में स्वच्छता के मामले में इंदौर की तर्ज पर सफाई व्यवस्था का मसौदा तैयार किया जाएगा ?**

(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र
(C) पश्चिम बंगाल (D) उत्तर प्रदेश

**(D)** स्वच्छता के मामले में देश का अग्रणी शहर इंदौर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में सफाई व्यवस्था का मसौदा तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय निकायों की एक टीम ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान टीम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का भी अवलोकन किया।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

6. **हाल ही में किसने दुनिया के पहले विकलांग अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा की?**

(A) इसरो (B) यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी

(C) नेक्सा (D) जाक्सा

**(B)** हाल ही में 22 देशों की यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि उसने अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण के लिए चुने गए 17 रंगरूटों की एक नई पीढ़ी के हिस्से के रूप में पूर्व ब्रिटिश पैरालंपिक धावक जॉन मैकफॉल का चयन किया। इन विकलांग अंतरिक्ष यात्रियों को पैरास्ट्रोनॉट नाम दिया गया है।




7. **हाल ही में किस राज्य सरकार ने 22 लाख किसानों का 14 हजार करोड़ रूपये का कर्जा माफ किया है ?**

(A) हरियाणा (B) उत्तर प्रदेश

(C) मध्यप्रदेश (D) राजस्थान

**(D)** हाल ही में राजस्थान राज्य सरकार ने 22 लाख किसानों का 14 हजार करोड़ रूपये का कर्जा माफ किया है। जिसमें 90 फीसदी कर्ज बैंक ने माफ कर दिया है जबकि 10 फीसदी किसान ने दिया है। इसी तरह अन्य बैंकों को भी गरीब किसानों को राहत देनी चाहिए।




8. **हाल ही में ऑडिट महानिदेशक की भूमिका सृजित करने वाला पहला राज्य कौनसा बना है ?**

(A) हरियाणा (B) तमिलनाडु

(C) हिमाचल प्रदेश (D) केरल

**(B)** तमिलनाडु भारत में लेखापरीक्षा महानिदेशक की भूमिका सृजित करने वाला पहला राज्य है। इस भूमिका के लिए राज्य ने प्रतिनियुक्ति पर भारतीय लेखापरीक्षा और लेख सेवा से एक अधिकारी नियुक्त किया है। इस अधिकारी की जिम्मेदारी राज्य में आंतरिक लेखापरीक्षा विभागों के कामकाज को मजबूत और सुव्यवस्थित करने की होगी।




9. **हाल ही में किस देश ने अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के उपाध्यक्ष का पद हासिल किया ?**

(A) भारत (B) जापान

(C) चीन (D) पाकिस्तान

**(A)** इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अब विमल महेंद्रू भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल ही में भारत ने 2023-25 के कार्यकाल के लिए इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के वाइस प्रेसीडेंसी एंड स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट बोर्ड का पद हासिल कर लिया है। आईसी में भारत के प्रतिनिधि और भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न तकनीकी समितियों को चुना गया।




10. **हाल ही में इसरो ने PSLV-C54 से कितने उपग्रहों को लॉन्च किया ?**

(A) 5 उपग्रह (B) 9 उपग्रह

(C) 11 उपग्रह (D) 15 उपग्रह

**(B)** हाल ही में इसरो ने PSLV-C54 से 9 उपग्रहों को लॉन्च किया। इसके तहत ओशनसैट और 8 नैनो सैटेलाइट में पिक्सेल से आनंद, भूटानसैट, ध्रुव अंतरिक्ष से दो थायबोल्ट और स्पेसफ्लाइट यूएसए से 4 एस्ट्रोकास्ट लॉन्च किया गया। भारतीय कंपनियों PixxelSpace और DhruvaSpace के 3 उपग्रहों का प्रक्षेपण एक नए युग की शुरूआत का सूत्रपात करता हैं, जहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारतीय प्रतिभा का पूर्ण सदुपयोग किया जा सकेगा।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज